Press Clipping on

ICFAI University Jharkhand organises Faculty Development Programme (FDP) on "Technology Enabled Teaching"

Date : 23rd Jan 2014

प्रभात खबर \ सोसाइटी

रांची, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2014
www.prabhatkhabar.com 08

इक्फाइ विवि में कार्यक्रम

रांची. इक्फाइ विवि झारखंड के अशोनगर कैंपस में 23 जनवरी को एक दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर रांची विवि सहित इंटरमीडिएट व प्लस टू स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया. इसका मुख्य उद्देश्य आधुनिक सूचना तंत्र के माध्यम से स्कूल/कॉलेजों में शिक्षण को सुरुचिपूर्ण व कारगर बनाने पर चर्चा की गयी. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने हैदराबाद से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में अच्छी संस्थाओं में कंप्यूटर आधारित गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जा रही है. एकेडमिक स्टाफ कॉलेज के निदेशक डॉ आरपीपी सिंह ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला. बीआइटी मेसरा की प्रो वंदना भट्टाचार्या ने नयी तकनीक की जानकारी दी. कुलसचिव डॉ बीएम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया. इस अवसर पर प्रो एएस प्रसाद उपस्थित थे.

हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान • रांची • शुक्रवार • 24 जनवरी 2014 4

इक्फाई में सेमिनार संपन्न

रांची। झारखंड में टेक्नोलॉजी वर्द्धित शिक्षण विषय पर इक्फाई यूनिवर्सिटी में गुरुवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में टेक्नोलॉजी के आधुनिक सूचना तंत्र से शिक्षा को कारगर बनाने पर बुद्धिजीवियों ने विचार रखे। कुलपति प्रो ओआर एस राव ने भी हैदराबाद से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विचार व्यक्त किए। सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रो आरपी सिंह, प्रो वन्दना भट्टाचार्य, ए एस प्रसाद आदि मौजूद थे।